Regarding need to expedite construction of New Purulia-Manbazar Jhargram Railway Line Project- laid

श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो (पुरुलिया) : मैं सरकार का ध्यान पुरुलियामानबाजारझाड़ग्राम नई रेलवे लाइन परियोजना की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । यह महत्वपूर्ण परियोजना सर्वेक्षण आदेश 2024 के बाद से बिल्कुल ठप है । राज्य सरकार ने न भूमि विवरण दिया, न प्रशासनिक अनुमति, न ही आवश्यक फाइलें आगे बढ़ाईं । यह दुर्भावनापूर्ण देरी केवल इसी परियोजना तक सीमित नहीं है । पूरे पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार ने NOC रोककर हजारों रेलवे योजनाओं को लंबे समय से अधर में लटका रखा हैजिनमें मेरे पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएँ 45 वर्षों से सिर्फ NOC न मिलने के कारण अटकी हुई हैं । पुरुलियाझाड़ग्राम लाइन से छात्रों, मरीजों, किसानों, आदिवासी समुदायों और जंगलमहल के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलता, लेकिन राजनीतिक कारणों से राज्य सरकार विकास कार्यों को बंधक बनाकर बैठी है । यह जनविरोधी और क्षेत्रीय हितों के विरुद्ध है । मैं माननीय रेल मंत्री से आग्रह करता हूँ कि केंद्रीय स्तर पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करें, ताकि यह महत्वपूर्ण लाइन परियोजना तीव्र गति से आगे बढ़ सके और पुरुलिया क्षेत्र को वंचित न रहना पड़े ।